**खबर संक्षेप**

### स्कूल में पर्यावरण संरक्षण पर हुई चर्चा

**सौंसर।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधि सौसर खंड के स्कूलों में एनएसपीसी राष्ट्रीय छात्र पर्यावरण प्रतियोगिता मैं भाग लेने हेतु स्कूलों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन में प्रमुख रूप से सुभाष मोंटेसरी स्कूल संचालक डॉ.हिना वाडेकर ,आशीष जायसवाल,अनंत फसाटे,खंड संयोजक प्रशांत वाडेकर, नगर संयोजक दिलीप ठोंबरे,दिगंबर सिंह राजपूत, अनिल पाठक अरूण झाड़े थे। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए खंड संयोजक प्रशांत वाडेकर करने बताया वर्तमान में पर्यावरण रक्षा सुरक्षा अत्यंत आवश्यक हो गई है।सभी लोगों ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए। पर्यावरण संतुलित एवं सुरक्षित रहने के मानव जीवन को बहुत सारे लाभ है पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सभी लोगों ने अपने आसपास के परिसर में पेड़ पौधों का रोपण करना चाहिए।आयोजन के दौरान पर्यावरण प्रतियोगिता के संबंध में भी जानकारी दी गई।इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### दीघावानी में चल रहा जुआं

**परासिया** :शिवपुरी थाने के अंतर्गत ग्राम पंचायत दीघावानी में जुएं की जमघट लगने लगी है । यह जमघट हापड़ में लगाई जा रही है । जुआं खेलने वाले रहवासी क्षेत्र में ही जुआं खेलने से नहीं हिचकिचा रहे हैं । जिससे आसपास का वातावरण प्रभावित हो रहा है ।अवैध गतिविधियों के मामले में रावनवाड़ा और इसके आसपास के क्षेत्र पहले से ही चर्चा में रहे हैं । अवैध रूप से कोयला उत्खनन इस क्षेत्र में धड़ल्ले से होता रहा है , लेकिन बारिश के चलते बंद कोयला खदानों की खतियों में पानी भर जाने से फिलहाल यह काम बंद है , पर अब जुआ खेलने और खिलाने की खबरें सुनने को मिल रही है ।

### प्रशासनिक अधिकारी कर रहे जल्द ही यूरिया आपूर्ति की बात

# जिले भर में यूरिया के लिए मचा हाहाकार, किसान हो रहे परेशान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जुलाई के दूसरे सप्ताह में लगभग हर साल ही यूरिया की किल्लत किसानों को होती है। क्योंकि इस मौसम में मांग बढ़ जाती है और किसान इस कमी के कारण बेहद परेशान तो होते ही है साथ ही मजबूरी का फायदा उठाकर व्यापारी भी इनके साथ कालाबाजारी करने से गुरेज नहीं करते। यूरिया की कालाबाजारी के साथ साथ किसानों को ठगने का काम स्थानीय व्यापारी भी करते है। नतीजा यह है कि किसानों को यूरिया केंद्रों में पूरा दिन बिताने के बाद भी खाली हाथ वापस जाना पड़ रहा है।

छिंदवाड़ा जिले में यूरिया के लिए हाहाकार मचा हुआ है.खाद की सप्लाई धीमी होने के कारण और डिमांड बढ़ने के कारण वितरण केंद्रों में सुबह 5 बजे से किसानों की लाइन लग रही है। बुधवार को यूरिया खत्म होने के कारण किसानों नेमार्कफेड के वितरण केंद्रों में पुरुष किसानों के साथ महिलाएं भी सुबह 4 बजे से खाद के लिए कतार में खड़ी है.किसानों ने खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए कहा कि खाद की कालाबाजारी हो रही है और छोटे किसानों को परेशान किया जा रहा है.

छिंदवाड़ा जिले में यूरिया खाद की भारी किल्लत के चलते हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। वितरण केंद्रों पर यूरिया की सप्लाई धीमी पड़ने और डिमांड अधिक होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को स्थिति तब और बिगड़ गई जब खाद खत्म हो गई, जिसके विरोध में किसानों ने परासिया रोड पर चक्का जाम कर दिया।

जानकारी के अनुसार, जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों पर सुबह 4 बजे से ही पुरुषों के साथ महिलाएं भी लंबी लाइन में खड़ी नजर आईं। किसानों का कहना है कि वे पिछले एक सप्ताह से रोज सुबह 5 बजे से लाइन में लग रहे हैं, लेकिन यूरिया उपलब्ध नहीं हो पा रहा।

बुधवार को जब यूरिया की आपूर्ति समाप्त हो गई तो नाराज किसानों ने परासिया रोड पर करीब आधे घंटे तक सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। किसानों ने खाद की कालाबाजारी का आरोप लगाया और कहा कि छोटे किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है।प्रदर्शन कर रहे किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि यूरिया की आपूर्ति सुचारु की जाए और कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### दो दिन में पहुंचेंगी अतिरिक्त 6000 मीट्रिक टन यूरिया- कलेक्टर

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि जिले में यूरिया उर्वरक की कोई कमी नहीं है और इसकी आपूर्ति सतत रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मक्के की फसल के लिए कृषकों द्वारा यूरिया की पहली टॉप ड्रेसिंग की जा रही है, जिस कारण मांग में स्वाभाविक रूप से वृद्धि हुई है। अब तक किसानों द्वारा लगभग 88 हजार मीट्रिक टन यूरिया का उठाव कर उपयोग किया जा चुका है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के समतुल्य है। वर्तमान में जिले के क्षेत्रों में सहकारी एवं निजी संस्थानों के माध्यम से लगभग 3000 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि शासन द्वारा जिले के लिए चार रैक यूरिया और स्वीकृत की गई है, जो फिलहाल ट्रांजिट में है। चंबल, इफको, आईपीएल एवं ब्रह्मपुत्र वैली कंपनियों से आवंटित यह यूरिया अगले 2 से 3 दिनों में जिले में पहुँच जाएगी, जिससे अतिरिक्त 6000 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होगा। इससे किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि यूरिया की आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है, और भविष्य में भी किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक मिलता रहेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। दो दिन बाद अपने नजदीकी मार्कफेड गोदाम या सहकारी विक्रय केंद्र से यूरिया प्राप्त करें।

### यूरिया के साथ जबरन लेनी पड़ रही दूसरी खाद

मौके का फायदा उठाने वाले व्यापारी भी किसानों की मजबूरी को कैश कराने में लगे है। अगर आपको पांच बोरी यूरिया लेना है तो दो बोरी अन्य खाद भी आपको लेनी ही होगी। भले ही आपको उसकी डिमांड न हो। अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपको यूरिया नहीं मिलेगी। ऐसा एक मामला चौरई में देखने को मिला है लेकिन किसान दबी जुबान से ही बता रहे है, विरोध नहीं कर पा रहे है क्योंकि विरोध के स्वर बढ़े तो उन्हें वह यूरिया भी नसीब नहीं होगी। समय बीत जाने के बाद यूरिया की उपलब्धता किसानों के लिए का वर्षा जब कृषि सुखानी कहावत को चरितार्थ करती नजर आएगी। इसके विपरीत कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यूरिया के विकल्प के रूप में किसान नैनो यूरिया का उपयोग भी कर सकते है। जिले में जल्द से तीन रैंक यूरिया आवंटित की जा चुकी है जो आगामी दिनों में यूरिया की किल्लत को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

## 105 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब व बोलेरो वाहन जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पाण्डेय, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयुष गुप्ता के निर्देशन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब / मादक पदार्थ की तस्करी, विक्रय व अवैध शराब का भंडारण करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का जिले में विशेष अभियान निरन्तर जारी है जिसके अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाडा श्रीमति कल्याणी वरकडे के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरवाड़ा द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तत्काल सूचना पर 15-16/07/2025 की रात्री में ग्राम धावडीकला पुलिया के पास नाकाबंदी कर आरोपी 01) आकाश पिता सकरलाल धुर्वे उम्र-25 साल निवासी ग्राम झगडाबोह (02) महेश उर्फ मंगल पिता संतोष बंजारा उम्र-25 साल निवासी वार्ड न 14 अमरवाड़ा (03) अनिल पिता अमीरचंद डेहरिया उम्र 25 साल निवासी वार्ड न.14 अमरवाड़ा थाना अमरवाड़ा को थाना अमरवाड़ा पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध शराब परिवहन करते बोलेरो वाहन MP28TA0921 से पकड़ा गया जिसमें 07 प्लास्टिक की जरिकेन (05 सफेद, 02 पीले रंग) में कुल 105 लीटर अवैध हाथ भट्टी की बनी कच्ची महुआ शराब कीमती 10500 रू की एंव बोलेरो वाहन MP28TA0921 जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपीः-** (01) आकाश पिता सकरलाल धुर्वे उम्र 25 साल निवासी ग्राम झगडाबोह थाना अमरवाड़ा ।

(02) महेश उर्फ मंगल पिता संतोष बंजारा उम्र-25 साल निवासी वार्ड न 14 अमरवाड़ा थाना अमरवाड़ा।

(03) अनिल पिता अमीरचंद डेहरिया उम्र 25 साल निवासी वार्ड न.14 अमरवाड़ा थाना अमरवाड़ा।

जप्त मशरूका कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 105 लीटर कीमती 10500 रूपये। एंव बोलेरो बाहन क्रमाक MP 28 TA 09211

अपराध क्रमांक एवं धाराः अपराध क्रमांक-582/2025 धारा-34(2) आबकारी एक्ट ।

## चर्च ऑफ नार्थ इंडिया संस्था के भूमाफिया अधिकारियों के साथ मिलकर कर रहे कब्जा

**छिंदवाड़ाः** कलेक्ट्रेट के सामने अति महत्वपूर्ण जगह पर कब्जे को लेकर भूमाफियाओं के बीच रस्साकसी शुरू है। ऐसे में अधिकारी भी आर्थिक लेनदेन कर भूमि की बंदरबाट करने में लगे हैं। यह आरोप संस्था के सचिव प्रशांत सतरालकर ने लगाया है और जिला कलेक्टर से शिकायत की है। नागपुर डायोसिशन ट्रस्ट असोसिएशन (**NDTA**) की लगभग 60000 स्क्वेयर फिट प्रॉपर्टी जो कलेक्टर कार्यालय छिंदवाड़ा के सामने स्थित है, उक्त भूमिपर पिछले कई वर्षों से अतिक्रमन है, उक्त भूमि पर खोमचे वाले और रेहड़ीवाले धंदा करते है और उन्होंने अस्थाई ढांचा भी खड़ा किया है जिसकी वजह से वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है. संस्था की उक्त भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए और अतिक्रमकारियों के कब्जे से मुक्त कराने के लिए **NDTA** के सचिव श्री. प्रशांत सतरालकर, और संस्था के दूसरे अधिकारी श्री. **G. P.** पॉल तथा श्री. डोनी अदि ने दिनांक 16. 07. 2025 को छिंदवाड़ा के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मिलकर स्थिति से अवगत कराया और निवेदन देकर संस्था की भूमि को अतिक्रमकारियों से मुक्त कराने की गुहार लगाई है. साथ ही संस्था ने उक्त भूमि की सुरक्षा हेतु हेतु बाउंड्रीवॉल बांधकर गार्ड रखने की भी बात की है ताकि भविष्य में किसी तरह का अतिक्रमण ना हो सके. ऐसा ज्ञात हुआ है की चर्च ऑफ़ नार्थ इंडिया (**CNI**) के कुछ तथाकथित अधिकारी संस्था की उक्त भूमि का गैरकानूनी उपयोग कर रहे है और पैसे लेकर भूमि आंबटित कर रहे है. **CNI** एक गैरकानूनी संस्था है और सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया ने दिनांक 30. 09. 2013 को सिविल अपील संख्या 8800-8801 द्वारा **CNI** का अस्तित्व समाप्त कर दिया है और **CNI** को गैरकानूनी घोषित किया है. इस विषय में जल्द ही **NDTA** द्वारा पुलिस को शिकायत दी जाएगी।

## क्रमिक भूख हड़ताल समाप्त, डॉ शशि हुई बीएमओ प्रभार मुक्त

### डॉ अंकित होंगे प्रभारी बीएमओ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया सिविल अस्पताल में व्याप्त अनिमितताओं और भ्रष्टाचार सहित प्रभारी बी एम ओ को हटाने की मांग को लेकर 11 जुलाई से शुरू हुई क्रमिक भूख हड़ताल बुधवार को समाप्त हुई ।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र निगम ने भूख हड़ताल पर बैठे लोगों को दूध पिलाकर हड़ताल समाप्त कराया । इसके साथ ही उच्च अधिकारियों के द्वारा आंदोलनकारियों की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया । साथ ही प्रभारी बीएमओ रही डॉक्टर शशी अतुलकर को प्रभार मुक्त कर उनके स्थान पर डॉक्टर अंकित सल्लाम को प्रभाव सौंपा गया है । गौरतलब है , कि चांदामेटा नगर विकास समिति के तत्वाधान में 11 जुलाई से परासिया सिविल अस्पताल के सामने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की गई थी , हड़ताल और उसका समर्थन करने वाले लोगों की मांगे थीं , कि अस्पताल में व्यापक अनियमितताएं बरती जा रही हैं , भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है , प्रभारी बी एम ओ के इन सब चीजों पर अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रही हैं । इन सब की शिकायतें लगातार नगर विकास समिति के लोगों के द्वारा जिला चिकित्सा अधिकारी को बार - बार की गई थीं लेकिन शिकायत पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने के चलते भूख हड़ताल करना पड़ा । भूख हड़ताल के समापन पर चांदामेटा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिश्चंद्र अग्रवाल भा जा पा के मंडल उपाध्यक्ष सोनू पंडित, बिट्टू भनारिया सुनील तिवारी , भगवानदास विश्वकर्मा , उमेश निकोसे , मनीष जैन , आबिद खान , तौफीक खान पार्षद , कैलाश धरसे , राकेश उइके , मनोज कुलपेहरा , लखन राजपूज , देवेंद्र मलिक , मोनू राजपूत , रामचरण , विवेक, बादल बुनकर , बल्लू धीमान , सोनू तिंरगाम , रमेश धुर्वे , विसु विश्वकर्मा , सुरेश धीमान , राहुल सुमन एवं अन्य समाज के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे । समिति के अध्यक्ष प्रदीप विश्वकर्मा ने उनके इस आंदोलन और न्याय की लड़ाई में सहयोग करने के लिए मंडल अध्यक्ष बल्ले नागी और हरिश्चंद्र अग्रवाल सहित मीडिया वर्ग के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## एक पेड मां के नाम आज लगे 100 पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

स्थानीय खारीवार्ड में नगरपालिका परिषद के पार्क में कलेक्टर अजय देव शर्मा, अधिकारीगण, पत्रकारगण एवं जनप्रतिनिधियों ने आज सुबह एक पेड मां के नाम अभियान के तहत 100 पौधे रोपित किए। इस मौके पर कलेक्टर महोदय ने कहा कि एक पेड मां के नाम पौधा लगाकर हम न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे है बलिक अपनी मां के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त कर रहे है। यह अभियान जनभागिदारी से सफल होगा। विभाग के पौधे लगाने तक सीमित ना रहे बल्कि इनकी नियमित देखभाल और सुरक्षा पर भी ध्यान दे। नगरपालिका अध्यक्ष सदीप घाटोडे के अनुसार शहर के 30 वार्डों में 30 हजार पौधें लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अभियान में शासकीय कार्याल, शालाएं एवं परिसर भी शामिल किए जाएंगे। आज के अभियान में एसडीएम अलका एक्का, तहसीलदार विनय ठाकुर, सीएमओ आरके इवनाती, नपा उपाध्यक्ष ताहीर पटेल, नगरमंडल अध्यक्ष बंटी छागाणी एवं अनेक उपस्थित रहे।

## श्री महिला कल्याण समिति ने विद्यार्थियों को बांटी बोतलें

**जुन्नारदेव :** श्री महिला कल्याण समिति ने विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल लेजाने के लिए पानी की आकर्षक एवं टांगने वली बोतलों का वितरण किया। इस अवसर पर श्रीमती माधुरी बत्रा ने विद्यार्थियों से जनरल नॉलेज के प्रश्न पूछे। तथा बच्चों को मेहनत एवं लगन से पढ़ाई पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। सटीक उत्तर देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में श्री महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती माधुरी बत्रा ,श्रीमती शोभा विश्वकर्मा, श्रीमती सैय्यद यास्मीन सहित सभी समिति सदस्यों ने मदरसा मोहम्मदिया जुन्नारदेव के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों को पीने के पानी लेजाने हेतु छोटी-छोटी केन बोतल भेंट की। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती गीता वाईकर पार्षद श्रीमती सावित्री दुर्गे, मदरसा शिक्षिका आयशा नशीम, सिद्धिकुन निशा ,अफसाना ,हुमैरा एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्लोबल स्कूल के खिलाफ एसडीएम कोर्ट पहुँचा वेकोली प्रबंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वैस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड (वेकोली) पेंच क्षेत्र महा प्रबंधक और क्षेत्रीय परियोजना अधिकारी के द्वारा परासिया बाईपास पर स्तिथ ग्लोबल स्कूल के खिलाफ एस डी एम कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है । प्रबंधन का दावा है , कि स्कूल के संचालकों के द्वारा वेकोली की भूमि पर कब्ज़ा कर ईमारत खड़ी की गई है और लगातार अतिक्रमण भी किया जा रहा है ।वेकोली प्रबंधन का दावा है , कि ग्राम हर्रई तहसील परासिया जिला छिन्दवाडा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 86/1 (48.167 हे. में से 16.190 हे.) भूमि जिस पर वन स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम बनाने हेतु स्वकृति मुख्य वनसंरक्षक भूमि संरक्षक (भू सर्वे) म.प्र शासन भोपाल से स्वीकृति दिनांक 08.3.1995 को प्राप्त कर उसका राजपत्र में प्रकाशन कराया गया । इस प्रकार उपरोक्त स्वीकृति उपरान्त ग्राम हर्रई तहसील परासिया जिला छिन्दवाडा में स्थित भूमि खसरा नम्बर 86/1(48.167 है. में से 16.190 हे.) में लगभग 4 है. भूमि पर राजीव गांधी स्टेडिम बना हुआ है । जिस की लगभग 2.5 हे. भूमि में ग्लोबल इनोवेटिव स्कूल परासिया के द्वारा मिट्टी उत्खनन कर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है ।उक्त भूमि खसरा नम्बर 86/1 में से लगभग 2.5 हे. भूमि प्रकरण में वादग्रस्त है । जिसे आगे वादग्रस्त स्थान संबोधित किया जा रहा है । प्रबंधन ने एस डी एम कोर्ट में दिए गए अपने आवेदन में कहा है , कि अनावेदक के द्वारा वादग्रस्त स्थान पर जे.सी.बी. मशीन लगाकर खुदाई कर अवैध अतिक्रमण कर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है । जिससे उक्त विवादग्रस्त स्थान पर विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है ।यदि अनावेदकगण के द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो गंभीर विवाद होने की पूर्ण संभावना है । ऐसी स्थिति में आनावेदक को आवेदक के अधिपत्य हक व अधिकार के वादग्रस्त स्थान पर अवैध निर्माण को किए जाने से जाने हेतु प्रारंभिक आदेश के माध्यम से तत्काल रोका जाना न्यायहित मे आवश्यक है ।गौरतलब है , कि ग्राम पंचायत हर्रई में भूमि खसरा नंबर 86/1 एवं आसपास की अन्य भूमि 1975 से पूर्व बड़े झाड़ के जंगल के रूप में थी । बाद में यह राजस्व के अधीपत्य में आई । सूत्रों से पता चला है , कि इस भूमि का कुछ हिस्सा पट्टे के रूप में एक फ़ौजी को दी गई । बाद में इस अहस्तांतरणीय भूमि को वर्ष 1916 में हस्तांतरणीय भूमि में बदल दिया गया । सूत्रों से यह भी पता चला है , कि इस मामले में रेलवे में काम करने वाले एक व्यक्ति की अहम भूमिका है ।

### एनजीटी की मनाही के बाद रेत चोरी कर रहे ट्रक को तहसीलदार ने पकड़कर थाने में किया खड़ा

## जलचर प्राणियों की प्रजनन प्रक्रिया के मद्देनजर देशभर में रेत खनन पर लागू है रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील में रेत का अवैध उत्खनन खनिज निरीक्षक की शह पर होता चला रहा है क्योंकि इनके द्वारा कभी ठोस कार्यवाही रेत चोरी के वाहनों पर नहीं की गई। क्योंकि उनके आने की सूचना रेत चोरों को पहले ही किसी के माध्यम से मिल जाती है और खनिज निरीक्षक दौरा कर वापस चली जाती हैं। इस तरह रेत की चोरी जमकर हुई लेकिन वर्तमान में देश भर में एनजीटी के द्वारा जलचर प्राणियों की प्रजनन प्रक्रिया के चलते वैध खनन पर भी वर्षा काल में प्रतिबंध लगा रखा है, लेकिन खनिज निरीक्षक की लापरवाही कहें या रेत चोरों को संरक्षण कहे कि एनजीटी के मनाही के बाद भी दर्जनों वाहनों से रेत का उत्खनन एवं परिवहन हो रहा है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण तामिया तहसीलदार द्वारा देलाखारी के पास नेता का चोरी की रेत ले जा रहा ट्रक एमपी 28 h0568 रेत लेकर जा रहा था जिसे पकड़ा गया रॉयल्टी संबंधी कागजात नहीं होने की दशा में ट्रक को कार्रवाई हेतु तामिया थाने में खड़ा करवाया गया। बतलाया जाता कि यह ट्रक रेत चोरी खनिज निरीक्षक के संरक्षण में करता चला रहा है। जिसकी पुष्टि पिछले कुछ महीनो की कुआं बादला टोल के सीसी टीवी कैमरे की फुटेज में देखा जा सकता है कि हर रात कई ट्रिप रेत लेकर यह ट्रक निकलता रहा है लेकिन दिखाई नहीं देता है तो कागजों में दौरा करने वाली खनिज निरीक्षक को क्योंकि इसी कंपनी के अन्य पांच ट्रक भी रेत चोरी में लगे हुए हैं, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं होने की दशा में वह खुलेआम रेत का धंधा कर प्रति रात लगभग 100 घन मीटर रेत की चोरी कर रहे थे। बीती रात तहसीलदार द्वारा पकड़े गए रेत चोरी के ट्रक से सिद्ध हो गया कि एनजीटी की रोक तामिया तहसील में बेअसर है। कम से कम पकड़े गए ट्रक से तो यही सिद्ध हुआ। खनिज निरीक्षक की कार्यप्रणाली पर भी पकड़ेगा ट्रक के कारण सवालिया निशान लग गए हैं क्योंकि पिछले एक महापूर्व तामिया पुलिस ने 1 किलोमीटर के अंतराल में दो ट्रक रेत ले जाते पकड़े थे जो आज भी थाने में खड़े है। पुलिस और राजस्व विभाग की कार्रवाई से सिद्ध हो गया की खनिज निरीक्षक का कहीं ना कहीं आदतन रेत चोरों को संरक्षण है।

नहीं तो क्या कारण है कि अपने हार्डवेयर का नाम एवं अंकित ट्रक से रेत ले जाना किसी साधारण रेत चोर का काम नहीं है। यदि शीघ्र ही जलचर प्राणियों के प्रजनन प्रक्रिया दौरान हो रही रेत चोरी को नहीं रोका गया तो जलचर प्राणियों का जीवन संकट में होगा एवं उनके विलुप्त होने की भी नौबत आएगी। रोक लगाने वाली एनजीटी का उल्लंघन का दोषी क्यों ना खनिज निरीक्षक को माना जाए।

## रोगी कल्याण की बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा



**सौंसर।** मोहखेड़ विकासखण्ड अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहखेड में बुधवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई है बैठक में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई हैं। रोगी कल्याण समिति की बैठक में प्रमुख रूप से विधायक विजय चौरे पांढुरना विधायक निलेश उइके प्रमुख रूप से उपस्थित थे। बैठक में मरीजों एवं परिजनों के हित मेंस्वास्थ्य सेवाओं में सकारात्मक बदलाव हेतु सुविधाओ को बेहतर बनाने साथ ही आय-व्यय,हाई टेशन वायर हटाने, एम्बुलेस वाहन चालक का मानदेय अथवा वाहन चालक हटाने,अस्पताल परिसर में नल जल योजना/बोर करवाने,शव विच्छेदन कक्ष में नल जल व्यवस्था तथा साधारण सभा की संरचना हेतु एक-एक सदस्य मनोनित करने एवं अन्य प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर जिला कलेक्टर महोदय को प्रस्ताव भेजे गए है।बैठक के दौरान पर्यावरण संरक्षण हेतु सार्थक पहल एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पौधारोपण किया गया। बैठक में ईश्वर वाडिवा, ब्लॉक अध्यक्ष रघुवीर मोहने,विजय गावड़े,फैय्याज खान,सूरज सोनघरे, अंकित चौरसिया,सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

Raja Shankar Shah University, Chhindwara
IPS COLLEGE
JOIN EXCLUSIVE COURSE
Serving Edu. for the Past 25 YEAR
M.Sc. CS
DCA/PGDCA
ADMISSION OPEN
MICROBIOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
BIOTECHNOLOGY B.Sc. Honor's / M.Sc.
B.Sc. Honour's Maths / Bio / Comp.
B.C.A.
B.B.A. Honour's AICTE APPROVED COURSE
B.A. Honour's Computer
B.Com. Honour's Computer
M.Com
Excellent Placement Record
In Front of S.A.F. Gate,Parasia Road, Chhindwara Mob.- 9752880383,9753304877, 7898075114

## स्थानीय प्रशासन से लाख शिकायतों के बाद नहीं हुई कार्यवाही, शिकायतकर्ता पर जान का खतरा

# शिकायत के सात साल बाद हुई कार्यवाही, वो भी लोकायुक्त के दबाव में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शिकायतकर्ता जनहित में अगर शिकायत करता है तो उसे न्याय मिलने में सात साल लग सकते है। वो भी स्थानीय प्रशासन तब कार्यवाही के लिए तैयार होता है जब लोकायुक्त और ईओडब्लयू जैसी संस्थाएं फर्जीवाड़े को उजागर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लालगांव के विषय में भी शिकायतकर्ता एडवोकेट मंसूरी पिछले कई सालों से 20 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के विरूद्ध शिकायत और संघर्ष करते रहे ताकि वह जमीन जनहित में सार्वजनिक कायों के लिए उपयोग में लाई जा सके परंतु भ्रष्टाचार और स्थानीय प्रशासन का भ्रष्ट अधिकारियों के प्रति इतना मोह की शिकायतकर्ता भी थक हारकर बैठ जाए। परंतु जनहित के विषयों को लेकर संघर्ष करने वाले अपनी जान को जोखिम में डालकर लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने का जज्बा रखने वाले शिकायतकर्ता की मेहनत रंग लाई और कई अधिकारी और कर्मचारी अब अपनी नौकरी बचाने और एफआईआर से बचने का प्रयास करते नजर आ रहे है।

जिला छिंदवाड़ा तहसील चांद के अंतर्गत ग्राम लालगांव स्थित ग्रामीण विकास कार्य की आवंटित सरकारी 20एकड़ भूमि को स्थानीय पदस्थ भ्रष्ट तहसीलदार चांद, राजस्व निरीक्षक चांद, हल्का पटवारी ग्राम लालगांव ने अपने नियंत्रणाधीन उक्त सरकारी संपत्ति को बिना किसी आदेश के भू-माफियों को कब्जा देकर सरकारी संपत्ति का दुरविनियोग करने के प्रार्थी एस0 एम0मंसूरी अधिवक्ता एवं पैनल लायर विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय छिंदवाड़ा म0प्र0 की शिकायत पर लोकायुक्त संगठन संभागीय सतर्कता समिति जबलपुर म0प्र0 ने संज्ञान लेकर धारा 13 (1)(ग),13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम



1988 के प्रकरण क्रमांक/6253/जा प्र 109 /ई/2022 दर्ज करके अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत करने के मंत्रालय भोपाल से मंजूरी प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया जिस पर जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा से प्रतिवेदन मांगा गया,जिस पर जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा अपराध के पदस्थ भ्रष्ट लोकसेवक सुनयना ब्रम्हे, आशीष उपाध्याय प्रभारी तहसीलदार चांद, रामसिंह जांघेला राजस्व निरीक्षक चांद, आकाश पाटिल - कपिल कपाले हल्का पटवारी ग्राम लालगांव को तत्काल निलंबित करके जांच प्रतिवेदन जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा द्वारा मंत्रालय भोपाल, राजस्व आयुक्त जबलपुर को भेज दिया गया है। मामला यह है कि ग्राम लालगांव स्थित शासकीय पाठशाला के पीछे से लगी शासकीय 20एकड़ भूमि जिसका खसरा नंबर 429/4,430,436,429/3,429/1-2,433,435,454,455/1,461 रकबा करीब 20एकड़ भूमि जो मेन रोड एवं ग्राम से लगी होने के वर्तमान बाजारी मूल्य तीन करोड़ रुपए की सरकारी संपत्ति पर ग्रामवासीयो को मूलभूत सुविधाएं हेतु शासन द्वारा उक्त शासकीय भूमि पर ग्रामीण विकास कार्य स्कूल खेल मैदान, हिंदू सामाज की श्मसान भूमि के चतुर्थ सीमा पर बाऊडीबाल, फलदार वृक्षारोपण, सड़क का निर्माण कार्य करने के उक्त भूमि आवंटित करके दिनांक 3/5/2019 को ग्राम पंचायत लालगांव एवं जनपद पंचायत चौरई को सौंप दी गई, लेकिन उक्त भूमि पर बिना किसी विधिक आदेश के पदस्थ तहसीलदार चांद, राजस्व निरीक्षक चांद, हल्का पटवारी ग्राम लालगांव ने अपने पद का दुरविनियोग करके अपने नियंत्रणाधीन उक्त सरकारी 20एकड़ भूमि को भू माफियाओं को कब्जा देकर अवैध आय अर्जित करके उक्त भूमि पर ग्रामीण विकास कार्य नहीं होने देकर ग्रामवासियों के मौलिक, मानवाधिकारों का खुला हनन/शोषण करके मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर दिया गया है और वर्तमान में उक्त सरकारी 20एकड़ भूमि के सामने वाले भाग पर बिना सीमांकन किये तार फेनसिंग करके पीछे वाले संपूर्ण रकबे पर आज भी भू माफियाओं द्वारा मक्का की फसल लगाई गई है और वर्तमान में पदस्थ तहसीलदार चांद द्वारा जानबूझकर सीमांकन नहीं किया जा रहा है। इस तरह से शासकीय संपत्ति को शासकीय लोकसेवकों द्वारा संरक्षित नहीं करके अपना ईमान, जमीर बेचकर सरकारी संपत्ति का दुरविनियोग करके अवैध आय अर्जित कर मालामाल हो रहे हैं। ऐसे भ्रष्ट लोकसेवकगण जनता सेवक ना होकर भकक्ष बने हुए जिसके कारण आस नागरिक को क़ानून के आस्था कम होते जा रही ऐसे भ्रष्ट लोकसेवकगण संविधान का खुला उलंघन करके शासकीय पद को संपादित करके खुली लुट कर रहे हैं,जिसके कारण शासन की योजना का लाभ आमजन को प्राप्त नहीं हो पा रहा है। उक्त धाराओं के तहत सात साल तक कठोर कारावास के साथ अर्थ दंड से दंडित करने के प्रावधान बिशेष भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय को प्राप्त हैं।

### इनका कहना है

मौके पर अभी भी अतिक्रमणकारियों का कब्जा है। राजस्व विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए परंतु बार बार निवेदन के बाद भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस जमीन पर लोकहित हित में स्कूल का खेल मैदान और श्मशान की बाउंड्री और बची दस एकड़ जमीन पर फलदार पौधों का पौधारोपण किए जाने का प्रस्ताव है। परंतु शासन प्रशासन को लगातार झूठी रिपोर्ट पेश करने में तहसीलदार और पंचायत के लोग माहिर हो चुके है। इस जमीन का सीमाकंन होना चाहिए और कब्जा हटाया जाना चाहिए और निर्माण कार्य होना चाहिए जिससे ग्रामवासियों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। स्कूल के बच्चों की शैक्षिणक और खेल प्रतिभाओं को भी निखारा जा सके।



एस. एम. मंसूरी
शिकायकर्ता एवं अधिवक्ता/पैनल लॉयर विधिक सेवा जिला न्यायालय छिंदवाड़ा

## ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

पुलिस थाना जुन्नारदेव क्षेत्र अंतर्गत डुंगरिया चौकी के ग्रामीण क्षेत्रों में नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। नशामुक्ति जनजागृति अभियान कार्यक्रम के तहत पुलिस चौकी डुंगरिया के ग्राम सगुनिया में उ. नि. अंजना मरावी आर कमलेश पटवारी सविता ग्राम कोटवार शेलेश,ज्वाला,दुर्गेश द्वारा ग्राम सगुनिया के ग्रामवासीयों को शराब ,तम्बाकू ,ड्रग्स से होने वाले दुष्प्रभाव एवं बीमारी से अवगत कराया। तथा शराब ,तम्बाकू , बीडी, सिगरेट ,ड्रग्स का नशा नहीं करने की समझाइश दी गई। अंत में सभी ग्रामीणों को नशामुक्त गांव बनाने की शपथ दिलाई गई।

## सत्येंद्र ठाकुर बने रेलवे के जेडआरयूसीसी के मेम्बर



**जुन्नारदेव।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल की डी आर यू सी सी मेम्बर की मीटिंग में जेड आर यू सी सी मेम्बर के लिए हुए चुनाव में छिन्दवाड़ा के सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र सिंह ठाकुर और गोंदिया के विनोद चाँदवानी के बीच निर्वाचन हुआ जिसमे सदस्यों के द्वारा कुल 18 वोट डाले गए जिसमे सत्येन्द्र सिंह ठाकुर को 12 और विनोद चांदवानी को 5 मत प्राप्त हुए और 1 वोट निरंक निकला ,श्री ठाकुर चौथी बार जेड आर यू सी सी मेम्बर बने है श्री ठाकुर एकमात्र जिले के ऐसे युवा है जो नागपुर डिवीजन से जोन के लिए निर्वाचित हुए है श्री ठाकुर पूरे नागपुर डिवीजन का प्रतिनिधित्व बिलासपुर जोन में करेंगे इस चुनाव में नागपुर मंडल के सभी डी आर यू सी सी मेंबरों में एक सदस्य जेड आर यू सी सी के लिए निर्वाचित होता है श्री ठाकुर ने अपनी इस उपलब्धि के लिए जिले के लाड़ले सांसद श्री विवेक बंटी साहू जी और नागपुर मंडल के सभी डी आर यू सी सी मेंबरों के प्रति आभार व्यक्त किया है अब श्री ठाकुर पूरे नागपुर डिवीजन की रेलवे की समस्याओं से जोंन के अधिकारियों को अवगत कराकर समस्याओं का निराकरण करवायेंगे इस निर्वाचन की प्रक्रिया में डी आर एम दीपक गुप्ता,कटंगी विधायक गौरव पारधी,सीनियर डी सी एम दिलीप सिंह सहित समस्त अधिकारी गण,सांसद प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने नशामुक्ति के लिए चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

छिंदवाड़ा जिले के सिंगोड़ी ग्राम में मंगलवार से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत हुई। सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज रॉय के नेतृत्व में बच्चों, युवाओं और पुलिसकर्मियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ली।भोपाल से शुरू हुए 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान का विस्तार अब छिंदवाड़ा जिले तक हो गया है। अमरवाड़ा थाना अंतर्गत चौकी सिंगोड़ी परिसर सहित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगोड़ी के प्रांगण में इस अभियान को चलाया गया। यह पहल केवल कानूनी कार्यवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों की सोच बदलने का प्रयास भी है।चौकी प्रभारी पंकज रॉय ने बताया कि दोपहर 12 बजे नशा मुक्ति जनजागृति अभियान का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य शिक्षक सहित स्कूली बच्चों ने भाग लिया।



हायर सेकेंडरी स्कूल में स्कूली छात्र-छात्राएं और अधिकारी एकत्रित हुए। सभी ने नगर के प्रमुख चौराहों पर जागरूकता रैली भी निकाली। स्कूली छात्र-छात्राओं ने नशे के विरोध में तख्तियां लेकर रैली निकाली। उन्होंने आम जनता से नशे से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर समस्त पुलिस स्टाफ सहित विद्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा।

## CSC कार्यालय में मनाया गया सीएससी दिवस

**जुन्नारदेव।** कॉमन सर्विस सेंटर के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला कार्यालय छिंदवाड़ा में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में सी एस सी के जिला प्रबंधक सोहेब खान और परितोष साहू के द्वारा अतिथियों को कॉमन सर्विस सेंटर के द्वारा संचालित सभी सर्विसेज के बारे में अवगत करवाया गया, केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित जन हितैषी सेवाओ का संचालन जैसे – आधार केंद्र, बैंक कीओस्क, आयुष्मान, पी.एम.विश्वकर्मा योजना, पी. एम. किसान के ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी, लाडली बहना ई- केवायसी, टेली लॉ योजना, ई- डिस्ट्रिक्ट सेवाये, बैंकिंग सेवाए, बीमा सेवाए आदि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रत्येक ग्राम एवं शहरी क्षेत्रो में प्रदान किया जा रहा है। ग्रामीण भारत डिजिटल योजनाओं के क्रियान्वयन में सीएससी संचालकों के अहम योगदान रहा है जिला प्रबंधक द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सीएससी संचालक बंधुओं को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया ।

## थाना परिसर में किया गया पौधारोपण



**चौरई** :पर्यावरण दिवस के सहसयोजक एवं नगर मंडल उपाध्यक्ष अवनीत (पप्पू सोनी) ने किया पौधारोपण वुधवार को थाना परिसर चौरई में थाना प्रभारी गणपत उइके के नेतृत्व में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।जिसमे मुख्य रूप से जिला मंत्री एवं पर्यावरण संयोजक नीलू निर्मलकर पुलिस प्रसासन नगर पालिका अधिकारी यामिनी शर्मा, नजीब ख़ान शुशील त्रिपाठी , राहुल बघेल अन्य साथी उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति जनजागृति अभियान : लाँजी में ग्रामीणों ने निकाली जागरूकता रैली, पुलिस ने जारी किया पोस्टर

हरिभूमि न्यूज लाँजी।

बालाघाट पुलिस ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलेगा। इसी तारतम में 15 जुलाई मंगलवार को लांजी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम भक्कूटोला, कोसमदेही, सिर्री के समस्त ग्रामीण के साथ नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पुलिस विभाग, ग्रामीण और स्कूली ने भाग लिया। रैली ग्राम के विभिन्न चौराहों से होते हुए ग्राम पंचायत कोसमारा पहुंची। रैली के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने नशा न करने की शपथ ली।

पूर्व सरपंच श्री अडमे ने युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की ओर ध्यान खींचा। उन्होंने इस अभियान से नशे को रोकने में मदद मिलने की उम्मीद



जताई। लाँजी थाना प्रभारी बिभेद्रु व्यंकट टांडिया ने बताया कि सरकारी निर्देशों के तहत चल रहे इस अभियान में लोगों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के साथ-साथ उसके पूरे परिवार को प्रभावित करती है।

**जिले में तेजी से नशे के शिकार हो रहे युवा**

कार्यक्रम के दौरान लांजी थाना प्रभारी बिभेद्रु व्यंकट टांडिया ने बताया कि दरअसल, बीते कुछ वर्षों से जिले में अलग-अलग तरह के खतरनाक नशे तेजी से पैर पसार रहा हैं, जिसमें नशे के सौदागर चंद पैसों के लिए युवा पीढ़ी को बर्बादी की ओर लेकर जा रहे हैं. इन नशे के सौदागरों की कमर तोड़ने के लिए पुलिस की ओर से विशेष अभियान भी चलाए गए और करोड़ों रु की नशीली दवाओं व मादक पदार्थों को जब्त किया गया. लेकिन बालाघाट पुलिस ने अब नशे को जड़ से समाप्त करने के साथ ही तस्करों की कमर तोड़ने के लिए एक नई शुरुआत की है, जिसका नाम ऑपरेशन नशे से दूरी है जरुरी दिया गया है।

## नगर परिषद् लांजी के सभा कक्ष में 16 जुलाई नमस्ते दिवस के रूप में मनाया गया



हरिभूमि न्यूज लांजी।

भारत सरकार द्वारा संचालित योजना नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (NAMASTE) के अंतर्गत सैप्टिक टैंक सफाईमित्रों एवं कचरा बिनने तथा कचरा सफाई करने वाले सफाईमित्रों को शामिल किया गया है। जिसके तहत नगर परिषद लांजी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मयूर वाहने के मार्गदर्शन एवं स्वच्छ निरीक्षक राजेश मिश्रा के नेतृत्व में आज दिनांक 16 जुलाई को समस्त सफाई मित्रो के साथ कार्यालय सभा कक्ष मे ''नमस्ते दिवस'' मनाया गया है। जिसके तहत सफाई मित्रो को सुरक्षा संबंधि जागरूकता एवं बचाव के संबंध में बताया गया, तथा नमस्ते दिवस पर सफाई मित्रों को पीपीई किट का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद लांजी के कर्मचारियों में संतोष भार्गव, उत्तम रामटेक्कर एवं विनोद तिवारी, नेकराम रामटेक्कर तथा समस्त सफाईमित्र उपस्थित थें।

## नगरपालिका में स्वच्छता कर्मियों का सम्मान एवं स्वच्छता किट का किया गया वितरण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मिशन संचालक नमस्ते नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी पत्रानुसार 16 जुलाई 2025 को नमस्ते दिवस के रूप मे मनाये जाने के निर्देश जारी किये गए है। निर्देशों के अनुक्रम में नगरपालिका परिषद वारासिवनी में नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम नमस्ते योजना के अन्तर्गत सफाई मित्रों का सम्मान एवं पीपीई किट का वितरण कार्यक्रम नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

नमस्ते योजना के संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा बताया गया कि नमस्ते योजना केन्द्रीय क्षेत्र योजना के रूप में वर्ष 2022 में लांच की गई है और यह वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक तीन साल की अवधि के लिये लागू की गई है। यह योजना भारत सरकार सामाजिक न्याय, अधिकारिता मंत्रालय और आवास शहरी कार्य मंत्रालय की संयुक्त पहल है। नमस्ते योजना का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता कर्मियों, विशेषकर सीवर और सेप्टिक टैंक की खतरनाक सफाई में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना है। इसी अनुक्रम में 16 जुलाई 2025 को नमस्ते दिवस के रूप में आयोजित किया गया।

नमस्ते दिवस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष सरिता दांदरे, सभापति धर्मेश धरमू जोशी, पूर्व पार्षद सुनील जायसवाल, सीएमओ सूर्यप्रकाश उके, उपयंत्री अंशिका चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निकाय के स्वच्छता कर्मी, सफाई मित्रों का सम्मान एवं सीवर सेप्टिक टैंक में कार्य करने वाले कर्मचारियों को पीपीई किट का वितरण किया गया।

किट वितरण के दौरान नपा अध्यक्ष सरिता मनोज दांदरे ने स्वच्छता कर्मियों की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था में इन कर्मवीरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया कि स्वच्छता कर्मियों की सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा एवं कुशल प्रशिक्षण हेतु निरंतर प्रयास किये जायेंगे।

पीपीई किट वितरण उपरान्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## झोपड़ी में रहने को मजबूर गरीब परिवार, चक्कर काटने के बाद भी नहीं मिला योजना का लाभ

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** केन्द्र की मोदी सरकार ने शहर की हर झुग्गी झोपड़ी में निवास करने वाले, बेघर और आर्थिक रुप से पिछड़े हुए परिवारों को पक्का मकान देने के लिए वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी शुरू की. इस योजना का मकसद हर गरीब परिवार को पक्की छत दिलाने का था लेकिन जिम्मेदार अफसरों की घोर लापरवाही की वजह से आज भी कई जरूरतमंद इस योजना के लाभ से वंचित है. बालाघाट जिले की नगर परिषद कटंगी में इस योजना में कथित तौर पर बड़ा घोटाला हुआ है. करीब एक वर्ष पूर्व कलेक्टर के निर्देश पर बकायदा एक जांच दल ने जमीनी जांच करते हुए इसकी पुष्टि भी की. जांच में पाया गया कि अपात्रों को भी योजना का लाभ दे दिया गया और योजना के शुरुआती चरण में उन्हें योजना का लाभ दिया गया उन्हें समय पर किस्त नहीं दी गई किंतु इस जांच के बाद भी दोषियों के खिलाफ आज तक कोई विभागीय कार्रवाई नहीं हुई. मामला ठंडे बस्ते में चला गया. जो यह बताता है कि केंद्र की अति महत्वाकांक्षी योजना में भी अगर भ्रष्टाचार कर लिया जाए तो अफसरशाही इसमें कोई कार्रवाई नहीं करती।

नगर परिषद कटंगी के वार्ड क्रमांक 05 में एक ऐसा परिवार मिला जो तिरपाल डालकर अपनी झोपड़ी में रहने को मजबूर है. इसे योजना का लाभ नहीं मिल पाया है. इस परिbवार का मुखिया योजना का लाभ पाने के लिए एक नहीं बल्कि कई बार नगर परिषद की दहलीज के चक्कर लगा चुका है और अफसरों से मिन्नतें तक कर चुका है.



लेकिन फिर भी जिम्मेदारों का दिल नहीं पसीजा और ना ही उन्हें इस गरीब पर दया आई. होटल में काम करने वाले अनिल राउत का परिवार इस योजना के लाभ से वंचित रह गया. अनिल ने बताया कि कई बार नगर परिषद के चक्कर काटे लेकिन लाभ नहीं मिला. अनिल के परिवार में पत्नी और दो मासूम बच्चे शामिल है. इस परिवार के पास पक्की छत नहीं है पुराना कच्चा मकान है. जिसे अब मकान कहना भी बेईमानी होगी. इस परिवार के पास ना तो पक्की छत है और ना ही गैस कनेक्शन चूल्हे में भोजन पकाया जाता है. अनिल की टूटी झोपड़ी कब मौत बनकर परिवार पर गिर पड़े कहना मुश्किल है. परिवार की हर रात डर के साये में गुजरती है.

तीन कमरों की झोपड़ी का पहला कमरा जर्जर हो चुका है. बीच के कमरे में मिट्टी की दीवारें है जो कभी भी जवाब दे सकती है. बीते दिनों हुई बारिश में झोपड़ी का तीसरा कमरा टूट गया. अभी पूरा परिवार बीच के कमरे में ही अपना जीवन गुजारने को मजबूर है. इसी कमरे में चूल्हे पर भोजन पकता है. रात के अंधेरे में मकान जमींदोज ना हो जाए इसलिए अनिल का परिवार हर दिन पड़ोस के ही घर में सोने के लिए जाता है. अनिल राउत का परिवार किन मुसीबतों का सामना कर रहा है. इस बात का आभास एसी कमरों में बैठने वाले अफसरों को नहीं है. आज भी प्रदेश से लेकर केंद्र की सरकार बड़े-बड़े विज्ञापनों और होर्डिंग के जरिए पीएम आवास के नाम पर वाहवाही लुट रही है लेकिन अनिल राउत की टूटी झोपड़ी इस योजना की हकीकत बयां कर रही है।

### नशा मुक्त अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय में हुआ आयोजन

## नशे से दूरी, है जरूरी अभियान में विद्यार्थियों को दिलाई गई शपथ




हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के इंदिरा कक्ष में मध्यप्रदेश पुलिस विभाग द्वारा संचालित जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पुलिस थाना वारासिवनी एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम की अध्यक्षता, पुलिस थाना वारासिवनी के सहायक उपनिरीक्षक महैलसिंह धुर्वे के मुख्य आतिथ्य एवं सहायक उपनिरीक्षक श्रीमती सत्यशीला वासनिक, प्रधान आरक्षक राजकपूर रंगारे, आरक्षक हेमन्त बघेल लोकल क्राइम ब्रांच के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ उपस्थित अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को 'नशे से दूरी, है जरूरी' इस थीम पर आधारित शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ0 सरिता कोल्हेकर ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं के कंधे पर अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र को नशा मुक्त करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैं, इस जिम्मेदारी को वे नशे से दूर रह कर सफलता पूर्वक निभा सकते है।

**नशे से अकेला व्यक्ति नहीं परिवार होता है बरबाद**

विशिष्ठ अतिथि सत्यशीला वासनिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जो मनुष्य नशा करता हैं, वह व्यक्ति अकेला बर्बाद नहीं होता हैं बल्कि उसके साथ-साथ उसका परिवार भी बर्बाद हो जाता है। आरक्षक हेमन्त बघेल ने कहा कि पिछले एक वर्ष में संपूर्ण मध्यप्रदेश में आपराधिक गतिविधियों का विश्लेषण करने के उपरान्त यह पाया गया कि 90 प्रतिशत अपराध नशा करने के बाद ही हुए है। इसलिए नशा मुक्ति जागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है।

मुख्य अथिति श्री धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा मनुष्य को सर्वांगीण रूप से पतन की ओर ले जाता है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0एस0 गेड़ाम द्वारा कहा गया कि नशे से मनुष्य को आर्थिक, सामाजिक एवं धार्मिक क्षति होती है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत अरी के सरपंच एवं धूमा के पंच पद के लिए 22 जुलाई को होगा मतदान

हरिभूमि न्यूज सिवनी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पंचायत उप-निर्वाचन कार्यक्रमानुसार बरघाट विकासखंड के ग्राम पंचायत अरी में सरपंच पद के लिए 07 मतदान केन्द्रों एवं लखनादौन विकासखंड के ग्राम पंचायत धूमा में पंच पद के लिए 01 केन्द्र में आगामी 22 जुलाई को मतदान प्रक्रिया प्रातः 07 बजे से लेकर दोपहर 03 बजे तक संपन्न होगी। पंच पद के लिए मतदान प्रक्रिया उपरांत मतगणना संबंधित मतदान केन्द्र में संपन्न होगी तथा सरपंच पद की मतगणना 26 जुलाई को विकासखंड मुख्यालय में प्रातः 08 बजे से होगी।

# सीसीटीवी फुटेज ने खोले राज चोर हुये गिरफ्तार

**कोतवाली पुलिस ने रात्रि के समय मंदिरों में ताले तोड़कर चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से दानपेटी, एम्पलीफायर और तांबे की गुण्डी समेत अन्य सामान बरामद किया है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा चोरी की दो घटनाओं का खुलासा किया गया है। दिनांक 13 जुलाई 2025 को प्रार्थी जितेन्द्र बघेल निवासी भैरोगंज, सिवनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि भैरोगंज स्थित हनुमान मंदिर का ताला किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़कर दानपेटी चोरी कर ली गई है।

वहीं, 14 जुलाई 2025 को प्रार्थी दिलीप राय निवासी आर्चीपुरम, सिवनी ने बताया कि शिव मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर में रखे दो एम्पलीफायर और तांबे की गुण्डी चोरी कर ली गई। दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। कोतवाली पुलिस द्वारा गठित टीम ने जब घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक संदिग्ध युवक की पहचान हुई। आरोपी की पहचान मयंक सनोड़िया निवासी मंगलीपेठ, एफसीआई रोड, सिवनी के रूप में हुई। पूछताछ में मयंक ने दोनों चोरी की घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया। आरोपी ने बताया कि उसने चोरी का सामान छिंदवाड़ा बायपास के पास झाड़ियों में छुपा दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया।

पुलिस टीम का सराहनीय योगदान

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर वामनकर एवं उनकी टीम में शामिल प्र.आर. मनोज पाल, चन्द्रप्रकाश अड़मे, आरक्षक सतीश इनवाती, अजेन्द्र पाल, अमित रघुवंशी, प्रतीक बघेल, अंकित देशमुख, इरफान खान एवं चीता स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

## भिक्षावृत्ति की रोकथाम को लेकर हस्ताक्षर अभियान का हुआ शुभारंभ



कलेक्टर सुश्री जैन ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने मंगलवार 15 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को भिक्षावृत्ति की रोकथाम की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री जैन ने हस्ताक्षर अभियान का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने भी भिक्षावृत्ति के विरूद्ध अभियान में हस्ताक्षर किया।

# जिला अस्पताल में करुणा के साथ सेवा कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी जिला अस्पताल में करुणा के साथ सेवाः गंभीर रूप से बीमार मरीजों और उनके साथियों के लिए एक पेशेवर दृष्टिकोण विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में लगभग 90 डॉक्टरों, नर्सिंग इंचार्ज, नर्सों और वार्ड अटेंडेंट्स ने दो बैचों में भाग लिया। यह प्रशिक्षण अंतरा फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें जिला कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के मार्गदर्शन और सिविल सर्जन डॉ. वी.के. नावकर की सक्रिय भागीदारी रही।

इस कार्यशाला का उद्देश्य अस्पताल के कर्मचारियों में करुणा, संवेदनशीलता और पेशेवर व्यवहार को बढ़ावा देना था, ताकि गंभीर रूप से बीमार मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर सहायता एवं उपचार प्रदान की जा सके। प्रशिक्षण में वास्तविक कहानियों, रोल-प्ले, क्या करें और क्या न करें की सूची, और व्यवहार परिवर्तन के प्रमुख क्षेत्रों जैसे विनम्र बातचीत, धैर्यपूर्वक सुनना, और टीमवर्क पर चर्चा की गई। साथ ही, कर्मचारियों को तनाव प्रबंधन और आत्म-देखभाल (सेल्फ-केयर) के तरीके भी सिखाए गए।

प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिज्ञा ली कि वे प्रति दिन हर मरीज या परिजन से नम्रता और सहानुभूति के साथ व्यवहार करेंगे। कार्यशाला के समापन पर फीडबैक सत्र में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और इसे प्रेरणादायक और उपयोगी बताया।

सिविल सर्जन डॉ. वी.के. नावकर ने अंतरा फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा, यह प्रशिक्षण मरीजों और उनके परिजनों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि सिवनी जिला अस्पताल में हर व्यक्ति को न केवल बेहतर बल्कि करुणा और सम्मान भी प्राप्त हो। इस प्रशिक्षण ने हमारे कर्मचारियों को न केवल पेशेवर दक्षता बढ़ाने में मदद की, बल्कि मानवीय संवेदनाओं को भी मजबूत किया।

अंतरा फाउंडेशन की यह पहल हर छोटा बदलाव, बड़े परिणाम की शुरुआत हो सकता है के संदेश के साथ समाप्त हुई। यह कार्यशाला स्वास्थ्य सेवाओं में मानवीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी चरण

# एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी, 18 जुलाई तक होंगे पंजीयन

**उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई तक आयोजित किया जायेगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालय वार रिक्त सीटों का प्रदर्शन किया जायेगा। विद्यार्थी रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे।

विद्यार्थी 16 जुलाई से प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे तक पंजीयन/विकल्प चयन कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा सायं 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जायेगा और सायं 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किये जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की दशा में, पुनः रीचॉइस करनी होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक ही होगी।

### एनसीटीई पाठ्यक्रमों में प्रवेश में लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये एनसीटीई पाठ्यक्रम (बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एमपीएड, बीएड एमएड (एकीकृत तीन वर्षीय ) एवं बी.एल.एड. तथा बी.एड. (अंशकालीन तीन वर्षीय) संचालित करने वाले शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए भी अतिरिक्त चरण की समय सारणी जारी की है। विद्यार्थी 15 से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 से 19 जुलाई तक होगा। मेरिट सूची का प्रकाशन 21 जुलाई को होगा। विद्यार्थियों के लिए 23 जुलाई को सीट आवंटन किया जाएगा। आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों, टीसी माइग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन के लिए विद्यार्थियों को उपस्थित होकर 23 से 25 जुलाई तक लिंक इनिशिएट कराना होगा। विद्यार्थियों को आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश शुल्क का भुगतान 23 से 26 जुलाई तक करना होगा। आवंटित महाविद्यालय में शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 26 जुलाई है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रवेश शुल्क का भुगतान किए गए आवेदकों का ही प्रवेश मान्य होगा।

# बसपा का कार्यकर्ता प्रशिक्षण 19 जुलाई को लखनादौन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनादौन।

बहुजन समाज पार्टी विधानसभा इकाई लखनादौन के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण 19 जुलाई को लखनादौन समनापुर स्थित सामुदायिक भवन में सुबह 11 बजे से होगा प्रशिक्षण इंजी0 सी पी सिंह केंद्रीय स्टेट कॉर्डिनेटर बसपा एवं इंजी0 रमाकांत पिप्पल प्रदेश अध्यक्ष बसपा देंगे प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बसपा ने बताया कि बहन कुमारी मायावती राष्ट्रीय अध्यक्ष बसपा एवं पूर्व मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश के निर्देश में पूरे प्रदेश में बूथ स्तर तक के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर संगठन के माध्यम से सत्ता में पहुंचकर प्रदेश में हो रहे अन्याय,अत्याचार, शोषण एवं भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाकर दलितों,आदिवासियों, पिछड़ों , अल्पसंख्यक समुदाय के साथ,साथ छोटे व्यापारियों किसानों को उनका अधिकार दिलाकर शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदानकर मध्यप्रदेश को विकास की नई ऊंचाईयों तक के जाने तथा संविधान को पूर्णतः लागू करने का लक्ष्य रखा गया है।

सभी कार्यकर्ताओं को पहुंचने की अपील डी एल अहिरवार , तामसिंह परते जिला प्रभारी, लालसिंह नंदोरे जिला अध्यक्ष एड सतीश यादव जिला उपाध्यक्ष,मुन्ना चौधरी जिला महासचिव , रामभवन डहेरिया जिला कोषाध्यक्ष प्रेमचंद साहू जिला सचिव मनोहर डहेरिया, जिला बी व्ही एफ संयोजक ,जलसों ऊईके जनपद सदस्य,एवं प्रभारी,रामसिंह रजक प्रभारी, एड नरेंद्र अहिरवार, अध्यक्ष, लखनादौन, छबिलाल कमलेशिया, उपाध्यक्ष लखनादौन, गौरीशंकर नेमा , राजेंद्र बिहुनिया, बाबूलाल सिंगारे, ओमप्रकाश, नंदौरे, समीर नेताम, अजय चौधरी, विकास अहिरवार,सचिन रैदास, सुरेश अहिरवार महाजन धुर्वे विजेन्द्र अहिरवार आदि लोगों ने की है।

# हमारा यह संदेश नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा जारी जागरूकता अभियान नशे से दूरी हैं,जरूरी के द्वितीय दिवस के क्रम में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशक मार्गदर्शन, अति पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा,नपुअ श्रीमती पूजा पांडेय के निर्देशन व नेतृत्व में जिले के प्रमुख शिक्षण संस्थान उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजन किया गया।



जागरुकता कार्यक्रम में निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा छात्र छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया नशे की आदत से कैसे बचे, सावधान रहने को लेकर विस्तार से प्रबोधन किया गया साथ ही नशा मुक्ति से जुड़ी सहायता मानस हेल्प लाइन 1933,14446, नेशनल सुसाइड हेल्प लाइन 14416 , मध्यप्रदेश नारकोटिक्स विभाग 7049100785 की जानकारी भी सांझा की गई व सूचना देकर समाज को नशे से बचाने के लिए प्रेरित किया गया, छात्र छात्राओं द्वारा नशे की हर आदत से दूर रहने व व्यसन में पड़े लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने की शपथ दोहराई गई। छात्र छात्राओं के प्रश्नों व जिज्ञासा के माध्यम से विभिन्न प्रकार की जानकारी ट्रैफिक ऐक्सिडेंट व नशे से होने वाली असमय घटना व पारिवारिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को समझाया गया।

प्राचार्य श्री गौतम द्वारा भी दैनिक जीवन में और अपने आसपास नशे से होने वाले सामाजिक नुकसान के प्रति सजग किया गया।1000 से अधिक छात्र छात्राओं व शिक्षक गणों की प्रेरणादाई उपस्थिति रहीं। सभी ने हमारा यह संदेश नशा मुक्त हो मध्यप्रदेश अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

जागरूकता नोडल टीम के सदस्य उनि प्रमोद भारद्वाज,आर भूषण बहेटवार का सराहनीय सहयोग रहा। छात्र छात्राओं ने नशे से दूरी हैं जरूरी जागरूकता पैंपलेट चस्पा कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## आईटी 2.0 एप्लिकेशन का रोलआउट डिजिटल ट्रांस्फार्मेशन की दिशा में एक कदम

सिवनी। डाक विभाग द्वारा अगली पीढ़ी की एपीटी एप्लिकेशन की शुरुआत की जा रही है, जो हमारी डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत उन्नत प्रणाली को बालाघाट एवं सिवनी जिले के सभी डाकघरों में दिनांक 22.07.2025 से लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को बनाए रखने के लिए दिनांक 21.07.2025 को नियोजित अवकाश (डाउनटाइम) निर्धारित किया गया है। दिनांक 21.07.2025 को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवश्यक है, ताकि नई प्रणाली को सुचारू और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। एपीटी एप्लिकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर करने, त्वरित सेवा प्रदान करने और अधिक ग्राहक हितैषी इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने की डाक विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## पुणे व चित्रकुट के लिए जल्द से जल्द प्रारंभ किये जाने विचार कर रहा रेल्वे -श्री कुलस्ते



सिवनी। जिला मुख्यालय से दक्षिण रेल्वे को जोड़ने के लिए उठ रही मांग को रेल्वे ने पूरा करते हुए पेंचवली ट्रेन को मंडला जिले के नैनपुर से इंदौर के बीच प्रारंभ कर रेल्वे यात्रियों को सुगम साधन उपलब्ध कराया है। जिसको लेकर जिला रेल्वे विकास समिति ने सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते एवं भारती पारधी सहित नागपुर डिवीजन डीआरएम दीपक कुमार गुप्ता सीनियर डीसीएम दिलीप सिंह सीनियर डीओएम पीयूष कुमार लहरे का आभार व्यक्त किया है। गत दिवस इस ट्रेन के सिवनी आने के दौरान रेल्वे विकास समिति के धनश्याम सनोडिया, विनय सराफ, दीपक मेहदीदत्ता, सत्यम सूर्यवंशी अंचल चौरसिया राज साहू, विशाल कश्यप राजा कश्यप दीपक श्रीवास्तव सहित गणमान्य जनों ने स्वागत किया। इस दौरान सांसद द्वयों ने बताया कि शीघ्र ही इस ट्रेक में रेलो का विकास होगा, श्री कुलस्ते ने बताया कि पुणे व चित्रकुट के लिए जल्द से जल्द प्रारंभ किया जाने की भी रेल्वे प्रशासन तैयार कर रहा है। साथ ही शिकारा से रामटेक मार्ग के सर्वे को लेकर भी विचार विर्मश किया जायेगा, रेल्वे विकास समिति द्वारा अन्य बिदुंओ पर भी सांसद भारती पारधी ने आश्वासन दिया कि इस मार्ग में ट्रेन को लेकर किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आयेगी। ज्ञातव्य है कि सिवनी छिंदवाडा व नागपुर जबलपुर की इंटरसिटी या नैनो ट्रेन को लेकर भी इन्होंने विश्वास दिलाया कि विकास और रोजगार की दृष्टि से इन मांगो को भी रखा जायेगा।

# महीनों प्रयास के बाद जनसुनवाई में हुआ समस्या का समाधान

## शीतल यादव को जारी हुआ संशोधित जन्म प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन विजय की अध्यक्षता में मंगलवार 15 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में शीतल यादव की समस्या का तत्काल निराकरण हुआ।

सुश्री शीतल यादव 2007 में लखनादौन सिविल अस्पताल से जारी हुए हस्तलिखित जन्म प्रमाण पत्र में गलत नाम लिखे जाने की समस्या लेकर जनसुनवाई पहुंची थी। इसके पूर्व उनके द्वारा लखनदौन एवं जिला मुख्यालय के वरिष्ठ कार्यालयों में प्रयास करने के उपरांत भी उनकी समस्या का निदान नहीं हो सका था। आयोजित जनसुनवाई में आवेदिका शीतल यादव की समस्या को कलेक्टर सुश्री जैन ने आत्मीयता से सुनते हुए उपस्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रस्तुत प्रमाण पत्र के आधार संशोधित जन्म प्रमाण जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर के निर्देश पर कुछ ही समय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नवीन जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। जिससे आवेदिका एवं उनके पिता प्रसन्नचित होकर जनसुनवाई से अपने घर की ओर लौटे।

# गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने पदयात्रा में निकले आदित्य पटेरिया

केवलारी। गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करवाने के उद्देश्य को लेकर आदित्य पटेरिया नामक गौभक्त पैदल यात्रा पर निकले हैं।बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से यात्रा की शुरुआत कर हिंदुओं को जगाते हुए गौ माता के सम्मान में निकल पड़े हैं जो दो महीने की लंबी पदयात्रा के बाद गत दिवस केवलारी पहुंचे जहां राष्ट्रीय बजरंगदल के बजरंगियों एवं स्थानीय समाजसेवियों ने आदित्य पटेरिया का स्वागत कर गौमाता को राष्ट्रमाता बनाने के लिए सपना समर्थन देते हुए गौ माता के जयकारे लगाए।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि गऊ माता की जान बचाने का अभियान चलाते हुए कहा कि 84 लाख योनियों में मनुष्य शरीर से पहले गाय और बैल की प्राप्ति है. इसके बाद फिर यह देव-दुर्लभ शरीर मिलता है जिससे साधना करके नर्क, चौरासी, जन्म मरण से छुटकारा मिलता है। ऐसी गऊ माता को विधर्मी मारकर खा जाते हैं, सोचों जिसका दूध पीते, माता कहते



हैं, उसी की मांस के लिए निर्मम हत्या हो रही हैं। यदि सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देकर गौहित में विधान बनाये तो गौ माता की जान बच जायेगी। गौ भक्त आदित्य ने कहा कि इस काम को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ही कर सकते हैं। ईश्वरीय शक्ति ने ही इनको इस उच्च पद पर पहुंचाया है, कुछ करने लायक बनाया है गऊ माता की जान बचाने के इस अभियान से प्रभावित होकर माननीय मुख्यमंत्री महाराष्ट्र तथा हरियाणा ने अपने-अपने प्रदेश में गऊ हत्या पर प्रतिबन्ध लगा दिया है इसी प्रकार पूरे भारत में गौहत्या पर कड़े कानून बने और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए। इसके लिए आदित्य 2500 किलोमीटर से अधिक की पदयात्रा करते हुए हिंदू समाज को जगाने के काम कर रहे हैं साथ ही यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधियों से मिलकर गौमाता के काज को आगे बढ़ाने हेतु निवेदन भी कर रहे हैं ताकि उनकी यह मुहीम प्रधानमंत्री तक पहुंचे।

### यात्रा के बीच में हुए हमले बताया जान का खतरा

चर्चा के दौरान गौभक्त आदित्य पटेरिया ने बताया कि यात्रा के दौरान विधर्मियों द्वारा उनपर हमला कर यात्रा रोकने का प्रयास किया गया परंतु वे निडरता से गौमाता के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उनपर हुए हमले को देखते हुए हिन्दू संगठनों द्वारा इस पदयात्रा को सुरक्षा दी जा रही है जगह जगह गौभक्त आदित्य के लिए रुकने व भोजन की व्यवस्था कराकर आगे की यात्रा हेतु सुरक्षा प्रदान की जा रही है ताकि गौमाता के लिए निकले इस गौभक्त को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

## पशुपालकों से योजना का लाभ लेने की अपील

# सेक्स सार्टेंड सीमन के उपयोग से मादा बछडों का होगा जन्म

**उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग सिवनी द्वारा बताया गया कि देश में निरंतर दूध एवं दुग्ध उत्पादों की बढती मांग को दृष्टिगत रखते हुये एवं उत्पादों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री पशुपालन योजना अंतर्गत नस्ल सुधार हेतु सेक्स सार्टेड सीमन का उपयोग कृत्रिम गर्भाधान कराकर केवल बछिया या पड़िया पैदा कराने की स्वीकृति गई है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिससे जेनेटिक की सेक्सिंग तकनीक का उपयोग कर उच्च अनुवांशिकता के एक्स एवं वाय शुक्राणु को अलग-अलग कर आवश्यकतानुसार मादा वत्सों के उन्नत भारतीय नस्लों का सेक्स सार्टेड सीमन तैयार किया है। उन्होंने बताया कि सेक्स सार्टेड सीमन के उपयोग से 90 प्रतिशत मादा वत्सों का उत्पादन होता है एवं अनावश्यक नर वत्सों का उत्पादन सीमित रहता है।सेक्स सार्टेड सीमन का प्रति डोज 950 रू. का है जो कि मुख्यमंत्री पशुपालन योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त होने के फलस्वरूप 100 रू. में पशुपालकों को उपलब्ध कराया जाता है।

पशुपालक अपनी गाय/भैंस का कृत्रिम गर्भाधान सेक्स सार्टेड सीमन से करवाते है और सफल गर्भाधान के उपरांत नर वत्स पैदा होता है या असफल गर्भाधान होता है तो पशुपालक द्वारा दी जाने वाली अंशदान राशि 100 रू0 का भुगतान जिला पशु कल्याण समिति मद से किया जावेगा। उन्होंने पशुपालकों से अपनी गाय/भैंस का कृत्रिम गर्भाधान कार्य सेक्स सार्टेड सीमन से ही कराये जाने की अपील की है। इसके लिये पशुपालक नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था में संपर्क कर सकते हैं।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईनप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-D इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी
सभी प्रकार की जांच सुविधा)
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

## विवाह प्रस्ताव टूटने पर किया, युवती और परिजनों पर जानलेवा हमला

# कार्यवाही- चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

गिरफ्तारी से बचने आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा और पुलिस को चकमा देने का प्रयास करता रहा। लेकिन पुलिस की तीन टीमों ने सतत निगरानी और तकनीकी मदद से लगातार पीछा करते हुए आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की।

आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू एवं फरार होने के दौरान उपयोग की गई मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

12 जुलाई को डायल-100 पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बुदबुदा में एक युवक ने युवती एवं उसके परिजनों पर चाकू से हमला कर दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा (भापुसे) के निर्देशन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक श्री राकेश पंद्रो व एसडीओपी वारासिवनी श्री अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीमों का गठन कर कार्रवाई प्रारंभ की गई।



थाना वारासिवनी पुलिस के मौके पर पहुंचने पर ज्ञात हुआ कि आरोपी धनेन्द्र उर्फ सोनू ठाकरे निवासी सांवगी ने सीमा राणा पर उसके घर में घुसकर चाकू से जानलेवा हमला किया। बीच-बचाव में आए उसके पिता बस्तीराम राणा पर भी वार किया गया। इसके बाद आरोपी ने 90 वर्षीय वृद्धा (दादी) और 3 वर्षीय बच्चे पर भी लाठी से हमला कर घायल कर दिया।

गंभीर रूप से घायल सभी पीड़ितों को वारासिवनी से जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया। वहां पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पूर्व परिचित था, जो विवाह प्रस्ताव टूटने के बाद लगातार उसे परेशान कर रहा था। पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 339/25 धारा 109(1), 332 (B) BNS के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों को मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर रवाना किया गया। तकनीकी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी को दिनांक 15.07.2025 को ग्राम शेरपार के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं मोटरसाइकिल जब्त की गई है। आरोपी को दिनांक 16.07.2025 को न्यायालय वारासिवनी में प्रस्तुत किया गया।

## घोड़े से पहुंचते हैं पंचायत भवन, थार से लेकर मारूती 800 भी उपलब्ध

# सरपंच वैभव बिसेन की अनूठी पहल

**इंजीनियर की पढ़ाई करने वाले युवा ग्राम प्रधान वैभव बिसेन के अनूठे शौक, सुबह एक घंटा जीम, घुड़सवारी भी युवाओं के लिए बन रहे हैं प्रेरणास्त्रोत**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम प्रधान गर्रा सरपंच संघ जिला अध्यक्ष भाई वैभवसिंह बिसेन अपने अनूठे अंदाज के लिए सुर्खी बटोर रहें हैं। शानदार चौपहिया वाहन उपलब्ध होने के बाद भी घोड़े की सवारी कर कार्यालय ग्राम पंचायत भवन में घोड़े से पहुंच कर ग्रामवासियों में लोकप्रिय हो रहें हैं। गांव के बच्चे अब उन्हें प्यार से घोड़े वाला सरपंच पुकारते हैं। सरपंच वैभवसिंह बिसेन का विकास सम्पूर्ण जिला में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। छोटी सी पंचायत भवन को 3 वर्ष में भव्यता प्रदान कर





ग्रामवासियों के हृदय में जगह बनाने वाले गांव का बेटा अब ग्रामवासियों को पंचायत भवन के ऊपर वाले हिस्से में शानदार लाइब्रेरी की सौगात छात्र-छात्राओं को प्रदान की जा रही हैं। वहीं वार्डवासियों के आग्रह पर वार्डों में धर्म प्रेमियों के लिए मंदिर निर्माण कर पूजा-पाठ का कार्य सम्पन्न कराया जा रहा हैं।

बीते कल वार्ड नंबर 11 गॉर्डन टोली में भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा कर हवन सम्पन्न कराया गया तथा क्षेत्र में शुद्धिकरण की गई। मशीनटोला तथा अन्य वार्डों में भी मंदिर निर्माण कर धर्मप्रेमियों को सौगात दी गई हैं। युवा ग्राम प्रधान वैभव बिसेन की सकारात्मक सोच ग्राम के युवाओं को प्रेरणा दे रही हैं।

सोशल मीडिया में सक्रिय ग्राम प्रधान क्षेत्रवासियों को जानकारी से भी अपडेट करते रहते हैं। सोशल वर्कर के रूप में भी निजी तौर पर ग्रामवासियों को सहयोग करने में पीछे नहीं हटते। परिवारों को शादी विवाह, मृत्यु के समय ग्राम प्रधान निजी तौर पर टेंकरों से पानी उपलब्ध कराते हैं।

### रामाधीर शुक्ला (दादाजी) का निधन



**बालाघाट।** अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हनुमान चौक स्थित मुख्य हनुमान मंदिर के संरक्षक परम सम्माननीय रामाधीर शुक्ला (दादा) जी, का आज शाम 4:35 पर आकस्मिक दुखद निधन हो गया वह 85 वर्ष के थे, जिनकी अंतिमयात्रा कल उनके निज निवास श्रीराम किराना स्नेह नगर वार्ड नंबर 27 से प्रातः 10:30 बजे निकाली जाएगी। दादा प्रभु श्री राम और हनुमान जी के अनन्य भक्त थे, प्रभु श्री राम और हनुमान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान देवें ओम शांति।

## नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के तहत मलाजखंड महाविद्यालय में हुआ आयोजन



### नशे से दूर रहने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 16 जुलाई को नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन थाना मलाजखंड क्षेत्रांतर्गत डॉक्टर सुधनवा सिंह नेताम शासकीय महाविद्यालय मलाजखंड में प्राचार्य,शिक्षकगण एवं कॉलेज के छात्र छात्राएं को नशे के दुष्प्रभाव से बचने हेतु, नशे से दूर रहने व जागरूकता लाने के लिए शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। वही कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई, तथा परिवारजन एवं समाज को नशे से दूर रहने के लिए बताया गया एवं पेंपलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य महेश धुर्वे, शिक्षकगण, वार्ड पार्षद अब्दुल सोहेल एवं थाना मलाजखंड के स्टाफ एसआई अनुराग सिंह भदौरिया, एसआई रामभजन साहू, एएसआई सुलेखा मरकाम, जितेंद्र सेंगर उपस्थित रहे, प्राचार्य एवं वार्ड पार्षद के द्वारा भी उपस्थित छात्र एवं छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, वार्ड पार्षद, शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं के द्वारा बालाघाट पुलिस के द्वारा आयोजित किए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की गई।

### प्राकृतिक आपदा से मकान क्षति के प्रकरणों में तत्परता से बनाये जा रहे राहत राशि के प्रकरण

**बालाघाट।** जिले में पिछले दिनों हुए अतिवृष्टि एवं नदियों में आयी बाढ़ के कारण मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है और 03 लोगो की मृत्यु हो गई है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देश पर पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए तत्परता के साथ आरबीसी 06-04 के प्रकरण बनाये जा रहे है।अतिवृष्टि से जिले में अब तक 344 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए है। इनमें से 224 मकानों के 07 लाख 67 हजार 400 रुपये की राहत राशि के प्रकरण तैयार किये जा चुके है। अतिवृष्टि एवं बाढ़ से 03 लोगो की मृत्यु हुई है।

## नशे से दूरी, है जरूरी के अंतर्गत हट्टा थाना ने सालेटेका स्कूल में दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान 15 से 30 जुलाई तक चलेगा। इसी तारतम में 16 जुलाई बुधवार को हट्टा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम सालेटेका ग्रामीण के साथ नशामुक्ति जनजागृति अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पुलिस विभाग, ग्रामीण और स्कूल ने भाग लिया। वहीं हट्टा थाना प्रभारी अविनाश राठौर तथा इनके स्टाप के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालेटेका में पहुंचकर शाला में उपस्थित सभी छात्र-छात्रओं को नशे से बचने के लिए शपथ दिलाई गई तथा नशा जीवन की दशा बिगाड़ देता हैं। नशे के दुष्प्रभाव के बारे में पुलिस विभाग द्वारा तथा शाला के वरिष्ठ शिक्षकों के द्वारा छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में अपने उद्बबोधन में बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान शाला परिवार के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहें वहीं थाना स्टाप की ओर से इनकी उपस्थिति रही, थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश राठौड, सहायक उप निरीक्षक विजय पटले, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, प्रधान आरक्षक निखिलेश अग्रिहोत्री, प्रधान आरक्षक द्वारिका नारायण दुवे,आरक्षक शिवनारायण कुशवाह, आरक्षक अभिषेक मालवीय।

## शिक्षक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बैठक में रखी शिक्षकों की समस्या

### कलेक्टर ने डीईओ को समाधान करने के दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा कलेक्टर बालाघाट द्वारा आयोजित मान्यता प्राप्त संगठनों की संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों को उठाया गया।

शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश वर्मा ने बताया कि इस बैठक में संगठन की ओर से माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नत वेतनमान के आदेश, प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक शिक्षकों के क्रमोन्नति के एरियर्स, नियमित शिक्षकों के डी ए का एरियर्स, शिक्षकों की वरिष्ठता सूची में त्रुटि सुधार, सेवानिवृत शिक्षकों के स्वत्वों का भुगतान, आदिवासी विकास खंड के शिक्षकों को परियोजना भत्ता, आदिवासी विकास खंड के प्रतिनियुक्ति पर गए शिक्षकों की वापसी, सी ए सी एवम् बी ए सी को क्रमोन्नत वेतनमान के एरियर्स का भुगतान आदि मुद्दों पर विस्तृत की गई।

जिस पर कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी बालाघाट को सख्त निर्देशित किया गया कि सभी समस्याओं का निराकरण शीघ्र कर कार्यवाही विवरण संगठन को उपलब्ध कराए। बैठक पश्चात संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बैठक में शामिल होने के लिए कलेक्टर बालाघाट को धन्यवाद दिया गया। इस दौरान वारासिवनी विकासखंड शिक्षा अधिकारी की नियुक्ति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस की ओर से जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा, प्रांतीय सचिव सुनील मेश्राम, वारासिवनी ब्लाक अध्यक्ष रतनलाल बिरनवार शामिल हुए।

# कलेक्टर ने की खनिज निधि के कार्यों की समीक्षा

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 16 जुलाई को निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर पीएम खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ भी मौजूद थे।

बैठक में खनिज निधि से स्वीकृत कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि जो कार्य पूर्ण हो चुके है उनके पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्रता से प्रस्तुत किये जाए। जो कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुए है उन्हें शीघ्रता से प्रारंभ करने के निर्देश दिये गए। जो कार्य प्रगति पर है उन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीणा ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करना है। निमार्ण कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नही होगा और इनमे किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पर्यटन विभाग को सौंपे गये कार्य



रामपायली मंदिर के पास नदी घाट, शेड निर्माण, पार्किंग, शॉपिंग काम्प्लेक्स एवं मोक्षधाम के निर्माण कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गई। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने निर्माण एजेंसी के विरूद्ध कार्यवाही के लिए पर्यटन विभाग के प्रबंध संचालक को पत्र लिखने के निर्देश दिये।

पुलिस हाउसिंग बोर्ड द्वारा पुलिस लाइन में निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारी को पुलिस महानिरीक्षक बालाघाट रेंज से अनुमति लेकर कार्य करने के निर्देश दिए गए। ग्राम देवरी व लामता में ग्राम भारती एजेंसी के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों में सरस्वती शिशु मंदिर में अतिरिक्त कक्ष बनाये जाने के निर्देश दिए गए।

# शारद की आदिवासी महिलाओं की समूह को झाड़ी तालाब न देने पर किया चकाजाम

### एसडीएम की समझाइश पर मामला हुआ शांत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत शारद में आदिवासी महिलाओं को झाड़ी तालाब न दिए जाने पर 16 जुलाई को 11:00 बजे शारद चौक पर भारी संख्या में महिलाओं ने अपने हक के लिए चकाजाम किया गया। आपको बता दे की रानी दुर्गावती आजीविका स्व सहायता समूह शारद जिसका पंजीयन क्रमांक 378814 है जो कि विगत वर्षो से तालाब की मांग करते आ रहे हैं लेकिन ग्राम पंचायत शारद द्वारा उक्त समूह पर कोई विभागीय कार्रवाई नहीं कर तालाब न देने में टालमटोल या हिला हवाली नजर अंदाज करते आ रहे हैं जिसकी सूचना कलेक्टर महोदय को भी दी जा चुकी है लेकिन किसी भी प्रकार की जानकारी से अवगत नहीं कराया गया है। ना तालाब देने की कार्रवाई हुई आदिवासी महिलाओं में आक्रोश व्याप्त होने से उन्होंने शासन प्रशासन से न्याय दिलाने के लिए शारद चौक पर चकाजाम किया तहसील कार्यालय से एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल घटना स्थल पर पहुंचकर समूह की महिलाओं को चका जाम की स्थिति को शांत किया ग्राम के सामुदायिक भवन में सभी महिलाओं व पुरुष तथा सरपंच ममता बिसेन व सरपंच पति रमेश बिसेन व रोजगार सहायक



स्मिता सहारे को बैठक लेकर दुर्गावती आजीविका स्व सहायता समूह को तालाब देने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक में उपस्थित रानी दुर्गावती आजीविका स्व सहायता समूह शारद की अध्यक्ष ज्योति अरुण उइके, सचिव माया लिखिन लाल उइके ,प्रतिमा उइके , रवि उइके, प्रमिला सेवक राम उइके, दिनेश्वरी दीपकपन्द्रे, ललिता राजकुमार पन्द्रे, पुस्तकालय परदेसी उइके, रुकमा पिरम, सुखमा सूरज, सगुना स्वर्गीय मंसाराम कावरे, चंद्रकला स्वर्गीय उमेद लाल उइके , चंद्रकला लखन कावरे ,दुश्मनी भरत लाल पन्द्रे ,हिवराज पन्द्रे कुंवर टेकाम ,दुर्गा प्रसाद उइके, विपन उइके,,शंकर पन्द्रे ,ग्राम के और भी अन्य ग्रामीण महिला की उपस्थिति की उपस्थिति रही।

## 3 दिन पहले हुआ था निर्माण : सिनेमा चौक में बनी रोटरी वाहन की टक्कर से हुई क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी शहर के सिनेमा चौक में हाल ही के दिनों में बनाई गई रोटरी बुधवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे आस-पास स्कार्पियों वाहन की टक्कर से टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई. विधायक गौरव सिंह पारधी के विशेष प्रयास के बाद एमपीआरडीसी ने तीन दिन पहले ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था. रोटरी का निर्माण शुरू होते ही सोशल मीडिया में विधायक को बधाई दी जा रही थी. इसके साथ ही यहां पर प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी सोशल मीडिया में जमकर उठाई जा रही थी. महापुरुष, स्वतंत्रता सेनानी और देशभक्त जाति या धर्म विशेष के नहीं, बल्कि समूचे राष्ट्र की अमूल्य धरोहर होते है लेकिन आज लोगों ने अपने-अपने धर्म व अपने-अपने समाजों के महापुरुष निर्धारित कर लिए हैं और सोशल मीडिया में अपनी-अपनी जाति और धर्म की सुविधा के आधार पर वहां अपने समाज में जन्मे महापुरुषों की प्रतिमा लगाने की मांग कर रहे थे. हालांकि रोटरी में मूर्ति लगना है या नहीं यह बात तय भी नहीं है फिर भी अनायास ही सोशल मीडिया में एक माहौल तैयार किया जा रहा था. रोटरी को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त करने वाला वाहन किसका है इसकी ठोस तरीके से पुष्टि नहीं हो पाई है. गौरतलब हो रोटरी का यह निर्माण कार्य प्रारंभ से ही विवादों में रहा है. खासतौर से चर्चा रही है कि निर्माण का स्थान गलत तरीके से चयनित किया गया है इसमें भौगोलिक स्थिति को नजरअंदाज किया गया है. जिससे आज नहीं तो कल इस तरह का हादसा होने का पूर्वानुमान भी लगाया गया था।

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री अभिषेक गोलछा निवासी रायपुर ने ग्राम भीमलाट पटवारी हल्का नंबर 51 तहसील बिरसा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 55/3 रकबा 1.214 हेक्टेयर को विक्रेता श्री तेजिंदर जीत सिंह पिता करनरेलजीत सिंह और किशोर कुमार गांधी पिता मोहन लाल निवासी रायपुर के हक मालिकी से क्रय कर उक्त भूमि का सौदा कर पंजीयन करवाना चाहता है। उक्त भूमि के पंजीयन में किसी भी व्यक्ति या आम जनता को कोई आपत्ति या दावा पेश करना हो तो उक्त इश्तहार/प्रकाशन के एक माह के भीतर तहसीलदार महोदय बिरसा के समक्ष अपना दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है । यदि एक माह बाद कोई भी दावा आपत्ति दर्ज कराता है तो वह सब शून्य माना जाएगा और संपूर्ण निर्णय मेरे पक्षकार के पक्ष में होगा आम सूचना आज दिनांक को प्रकाशित करवा दी गई है।

**अधिवक्ता श्री विशेषचंद चैतगुरू**
**अपर सत्र न्यायालय बैहर**
**मो. न. 9424698220**

# जिला कबड्डी संघ बैठक कल

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जिला कबड्डी संघ बालाघाट मध्यप्रदेश अमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन भोपाल से पंजीकृत ने विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी की। समस्त जिला कबड्डी संघ बालाघाट की पंजीकृत ईकाई / समिति/क्लब एवं पदाधिकारी सदस्य को सूचित किया जाता है कि दिनांक 18/07/2025 दिन शुक्रवार को आवश्यक बैठक श्रीमति अनुभा मुंजारे अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ बालाघाट एवं विधायक बालाघाट की अध्यक्षता में समय दोपहर 03 बजे से जिला सर्किट हाउस बालाघाट में आयोजित की जोवगी। जिसमें जिला कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यो से अनुराध है कि वे बैठक में उपस्थित होने का कष्ट करें। ताकि बैठक सफल बनाया जा सके। एवं आने वाले कुछ माह में जो जिले के अन्दर आयोजित कबड्डी टूर्नामेन्ट जो की ग्राम में समिति के माध्यम से आयोजित होते है उनकी रूप रेखा भी बनाई जा सके, तथा जो जिले की कबड्डी टीम (सभी 6 वर्गों) की जो कि स्टेट चेम्पीयनशीप में हिस्सा लेती है की भी रूपरेखा तैयार की जा सकें।

